एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शाकाहारी होने के नाते, कच्ची मछली को छूना एक चुनौती थी: दिव्यांका

टेलीविजन स्टार दिव्यांका त्रिपाठी आगामी वेब सीरीज कोल्ड लस्सी और चिकन मसाला के साथ डिजिटल स्पेस में डेब्यू करने जा रही हैं. उनका कहना है कि शेफ के गुर सीखने के लिए उन्हें एक लंबे वर्कशॉप में से होकर गुजरना पड़ा. दिव्यांका शो में एक शेफ के किरदार में हैं और चूंकि वह एक शाकाहार हैं इसलिए कच्चे चिकन या मछली को छूना उनके लिए एक चैलेंज रहा.

दिव्यांका ने बताया, असल जिंदगी में मैं एक अच्छी कुक नहीं हूं, यह मानते हुए शेफ के किरदार को निभाना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा और तो और मुझे कुकिंग करना उतना पसंद ही नहीं है. घर पर मैं खाना तभी बनाती हूं जब मुझे अपने पति को इम्प्रेस करना होता है इसलिए इस किरदार के लिए तैयारी करने के नाते मुझे काफी कुछ सीखना पड़ा. सबसे चैलेंजिंग पार्ट कच्चे चिकन या मछली को पकड़ना या काटना था क्योंकि मैं एक वेजीटेरियन हूं. मुझे इससे उबरना पड़ा और मैंने उसे इस तरह से किया जिस तरह से हम कलाकार चुनौतियों को लेते हैं और उनसे सीखते हैं. शो की कहानी दो सफल शेफ की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जो कभी एक-दूसरे से प्यार किया करते थे. दिव्यांका इसमें नित्या नामक शेफ का किरदार निभा रही हैं. दिव्यांका ने अपने सह-कलाकार राजीव खंडेलवाल संग वर्कशॉप में हिस्सा लिया जिसमें एक प्रोफेशनल शेफ ने उन्हें प्रशिक्षण दिया कि किस तरह से सब्जियों या मीट को काटना चाहिए. प्रदीप सरकार द्वारा निर्देशित इस शो में प्रियांशु चटर्जी, बरखा बिष्ट, नवनीत निशान और मानिनी मिश्रा हैं. कोल्ड लस्सी और चिकन मसाला का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म ऑल्ट बालाजी और जी5 पर होगा.

प्रभास ने तेलुगु सीखने में मेरी मदद की: एवलिन शर्मा

मॉडल से अभिनेत्री बनीं एवलिन शर्मा साहो के साथ अपनी वापसी कर रही हैं। प्रभास स्टारर इस फिल्म में वह तेलुगु फिल्म में डेब्यू करने जा रही हैं। इस जर्मन-भारतीय अभिनेत्री के लिए तेलुगु सीखना आसान नहीं था, लेकिन जब उन्हें अपने संवादों को समझने में कठिनाई होती थी तो प्रभास उनकी मदद करते थे।

एवलिन ने कहा, टॉलीवुड में साहो मेरी डेब्यू फिल्म है। पहले-पहल तेलुगु सीखने में मुश्किलें आ रही थीं, लेकिन सेट पर मुझे गाइड करने के लिए कई सारे लोग थे जैसे कि प्रभास, निर्देशक सुजीत, इसलिए मैंने अपनी लाइनें जल्दी से सीख ली। आखिरकार अब मैंने हिंदी सीख ली है और तेलुगु एक बिल्कुल अलग भाषा है, लेकिन मैं हमेशा चुनौतियों के लिए तैयार रहती हूं। पैन इंडियन कास्ट के साथ तीन अलग-अलग भाषाओं में शूटिंग करने में बेहद मजा आया।

एवलिन ने प्रभास के बारे में बताया, मैं प्रभास की बहुत बड़ी फैन हूं और जब मुझे पता चला कि मुझे उनके साथ काम करने को मिलेगा तो मैंने तुरंत हांमी भर दी। प्रभास पूरी तरह से एक जेंटलमैन हैं और वह जमीन से बेहद जुड़े हुए हैं। फिल्म में एवलिन, जेनीफर का किरदार निभा रही हैं जिसके बारे में उन्होंने कहा, यह एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण किरदार है जिसमें मैं पहली बार एक एक्शन अवतार में नजर आऊंगी।

सुजीत द्वारा निर्देशित यह फिल्म आज देशभर में हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज हो रही है। इस एक्शन-थ्रीलर फिल्म में श्रद्धा कपूर, मंदिरा बेदी और नील नितिन मुकेश हैं।

कॉप अवतार में दिखाई दीं अनुष्का शर्मा



बॉलिवुड ऐक्ट्रेसअनुष्का शर्मा अक्सर अपने फैन्स को सरप्राइज देती रहती हैं। उन्होंने अलग-अलग तरह के कठिन कैरक्टर फिल्मों निभाए हैं। जहां उन्होंने फिल्म परी में एक युवा लड़की और खून की प्यासी चुड़ैल का किरदार निभाया था वहीं फिल्म सुई धागा में एक छोटे शहर की लड़की की भूमिका निभाई थी। पिछले काफी समय से ऑडियंस अनुष्का को पर्दे पर देखना चाहते हैं और अब एक नए रूप में अनुष्का फैन्स के सामने आई हैं। दरअसल अनुष्का हाल में एक पुलिस अधिकारी के गेटअप में दिखाई दीं। दरअसल उन्होंने यह लुक उनके आने वाले एक विज्ञापन के लिए लिया है। एक सूत्र ने बताया कि विज्ञापन में वह एक पुलिस अधिकारी के रूप में एक घर में रेड करती दिखाई देंगी। यह एक मजेदार विज्ञापन होगा जिसमें उनकी कॉमिक टाइमिंग भी दिखाई देगी। दावा किया जा रहा है कि इस विज्ञापन से अनुष्का एक बार फिर अपने फैन्स का दिल जीत लेंगी। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो अनुष्का को पिछली बार शाहरुख खान के साथ फिल्म जीरो में देखा गया था। हालांकि इस फिल्म की असफलता के बाद अनुष्का किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं हैं और फिल्मों से ब्रेक लेकर अपनी लाइफ इंजॉय कर रही हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही अनुष्का अपनी अगली फिल्म साइन करेंगी।